ततः त्रिदण्डादिकं धारयित्वा जलाशयसमीपम् उपगम्य स्नात्वा पितृन् तर्पयित्वा अष्टोत्तरसहस्त्रमूलमन्त्रं जपेत् । तत्र मन्त्राः-"ॐउदुत्यं जातवेदसंदेवं ते योनिऋत्विजो इस मन्त्र को पढकर अग्नि को सूंघे । "एष हवा अग्नेर्योनिर्यः...इस मन्त्र को पढकर गाँव से अग्नि लाकर पूर्ववत् अग्नि को सूंघे । यदि कथञ्चित् अग्नि उपलब्ध न हो सके तो जल में हवन करदे । एवं "आपो वै सर्वादेवता ...इन मन्त्रों को पढकर जल में से हवनीय द्रव्य एवं घी को निकालकर थोडा सा हविष्य भोजन करें । वेद में मोक्ष मन्त्र इसीप्रकार है ऐसा जावालोपनिषद् में कहा गया है । यही मोक्ष मन्त्र वेद का है यही उच्चारण करें ।

तत्पश्चात् पूर्वाश्रम के यज्ञोपवीत को हाथ में रखकर जल से आप्लावित कर वेदान्त विज्ञान सुनिश्चितार्थाः इत्यादि सम्पूर्ण मन्त्र को पढकर उस यज्ञोपवीत का परित्याग कर फिर संन्यासी एवं ब्रह्मचारी का एक-एक यज्ञोपवीत होता है । इस सिद्धान्त का अनुसरणकर एक सफेद यज्ञोपवीत को विधि के अनुसार धारण करें । श्वेत यज्ञोपवीत के विषय में कहा गया है कि संन्यासियों के सफेद दाँत होते हैं सफेद नख, श्रीदण्ड मुद्रा सफेद, यज्ञोपवीत सफेद, एवं त्रिदण्ड का वस्त्र सफेद इसप्रकार पाँच वस्तु सफेद कहे गये हैं ।

इसके वाद आचार्य गुरु परब्रह्म स्वरूप साकेताधिनायक श्रीरामचन्द्रजी के स्वरूप का ध्यान करके अपने दोनों चरणों को पकडे हुए जो ॐआप्यायन्तु ममाङ्गानि...आदि मन्त्र को पढरहा है, उसे पकडकर ब्रह्मतारक श्रीराममन्त्र को मन ही मन बारह-वार उच्चारण करके तथा उस श्रीराममन्त्र से ही जलको अभिमन्त्रित कर एवं शिष्य को अभिषिक्त करके आगे कहा जानेवाला ॐशंनो मित्रः शंवरुणः इत्यादि मन्त्रों को ॐशान्तिः शान्तिः...पर्यन्त आचार्य पढें ।

इसप्रकार शान्तिपाठ करलेने के पश्चात् गुरु शिष्य के शीर पर दाहिना हाथ रखकर पुरुषसूक्त को पढकर मम व्रते हृदयं ते दधामि यह उच्चारण करके उत्तर दिशा की ओर मुंह करके शिष्य के दाहिना कान में प्रणव आदि मन्त्रों का उपदेश करके उसका अभिप्राय शिष्य को समझावें । तत्पश्चात् गुरु समस्त जनता के अभिमत अपनी सम्प्रदाय परम्परा के अनुसार शिष्य का नामकरण करे वह नाम भगवान् के नामसे

वहन्ति केतवः दृशे विश्वाय सूर्य्यम् ॥'' ''ॐचित्रं देवानामुदगादनीकञ्च क्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः । आप्राद्यावापृथिवी अन्तरिक्षं सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च स्वाहा ।'' ॐतच्चक्षुर्देवहितम् पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत् । पश्येम शरदः शतं जीवेमशरदः शतं श्रृणुयाम शरदः शतं प्रव्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात् ।'' ''ॐहंशः शुचिषद्वसुरन्तरिक्ष सद्धोतो वेदिषदतिथिर्दुरोणसत् । नृषद्वरसद्वतसद्व्योम सदब्जा गोजा ऋतजा सम्बद्ध हो यह प्रयास करें । नामकरण करलेने के पश्चात् उसी नामसे अपने संन्यस्त शिष्य को उसी नामसे आह्वान करें ।

तत्पश्चात् शिष्य भगवान् श्रीरामचन्द्रजी को मन ही मन ध्यान करके प्रैषोक्ति को ''मन्द, मध्य, एवं तार, स्वर से क्रमशः उच्चारण करें । ॐभूर्भुवः स्वः संन्यस्तं मया इस मन्त्र को तीनवार मन्द मध्य, तथा उच्च स्वर से वोले तथा पुत्रेषणा वित्तेषणा, एवं लोकेषणा और सर्वभूतों से मैं व्युत्थित हो गया हूँ। मुझसे संसार के समस्त प्राणियों को अभय दान है, यह कहकर हाथ जोडकर पूर्वाभिमुख अथवा उत्तराभिमुख होकर श्रीराम स्मरण करके अपने अधिकार के अनुसार त्रिदण्ड आदि एवं वस्त्र आदि धारण करें । और तत्पश्चात् भगवान् की प्रार्थना करें । ब्राह्मण जलाञ्जलि देकर भक्तिपूर्वक भगवान् श्रीरामजी की प्रार्थना करें । सर्वदेव स्वरूप जलमें ''मैं जल की आहुति भगंवान् विष्णु को देता हूँ'' संसार की समस्त इच्छाओं को परित्याग करता हूँ । सव परित्याग कर मैं आपके शरण में आ गया हूँ । हे सर्व लोकशरण अव इस संसार में मेरा कोई सहारा नहीं है । हे जगन्नाथ मुझसे सर्व त्याग रूप संन्यास ग्रहण करलिया गया है । हे मधुसूदन आप मेरा संरक्षण करें । हे सर्वदेवेश रघुनाथ जगद्योनि पुण्डरीकाक्ष मैं समस्त प्राणियों के लिये अपने से अभय दान देकर हे परमेश्वर आपके शरणागत हुआ हूँ । हे पुरुषोत्तम मुझ शरणागत की आप रक्षा करें ।

इसप्रकार संन्यास ग्रहण के सम्बन्ध में यमस्मृति में कहा गया है । तदनुसार आगे कहे जानेवाले उन-उन मन्त्रों से दण्ड आदि संन्यासी के अनुरूप साधनों को धारण करें । ''इन्द्रस्य वज्रोऽसि''...इस मन्त्र को पढकर संन्यासी अपने दाहिना हाथ में त्रिदण्ड को धारण करें । ॐभूः ॐभूवः आदि सात व्याहृति मन्त्रों को ओंकार के साथ उच्चारण करके कमण्डलु को धारण करें । ॐयुवा सुवासाः परिवीत...इस

अद्रिजा ऋतं बृहत्" इति मन्त्रमुच्चार्य स्नात्वा । ॐआपो हिष्ठामयोभुवस्तान ऊर्जेदधातन, महेरणाय चक्षसे, यो वः शिव तमो रसः, तस्य भाजयते हनः, उशतीरिव मातरः, तस्मा अरंगमामव, यस्यक्षयाय जिन्वथ, आपो जन यथा च नः । इति मन्त्रैः मार्जयित्वा, अष्टोत्तरशतकृत्वः अधमर्षणं प्राणायामं च विधाय, सूर्योपस्थानान्तरं, अङ्गन्यासपूर्वकमष्टोत्तरसहस्तं मूलमन्त्रं जपेत् । एवमेव यथा सम्प्रदायं नियमान् पालयेत् ।

इतिआनन्दभाष्यसिंहासनासीनस्य जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य श्रीरामेश्वरानन्दाचार्यस्य कृतौ श्रीवैष्णवसंन्यासमीमांसायां, श्रीवैष्णवसंन्यासे त्रिदण्ड धारणविधिः परिपूर्णः ॥१७॥

मन्त्र को उच्चारित करके कौपीन काषाय वस्त्र आदि बाह्य वस्त्रों को धारण करें। इसी विषय वस्तु को बोधायन स्मृति में कहा गया है कि इसके वाद दण्ड धारण करता है "सखा मां गोपाय"...इस मन्त्र से । और मैत्रायणी स्मृति में कहते हैं कि इन्द्रस्य वज्रोऽसि...आदि से बाँस से बना हुआ त्रिदण्डों को दाहिना हाथ में धारण करें। परित्यज्य सर्वं व्रजति इति परिव्राट् तस्य भाव कर्म वा पारिव्राज्यम् इस व्युत्पत्ति के अनुसार संन्यास ग्रहण करलेने के पश्चात् समस्त सगे सम्बन्धियों का परित्याग करदें । येन देवाः पवित्रेण...इस मन्त्र के द्वारा पवित्री को धारण करें तथा यदस्य पारेरजसः ...इस मन्त्र के द्वारा शिक्य को धारण करें। तत्पश्चात् संन्यास के अनुरूप त्रिदण्ड आदि समस्त साधनों को धारण करके जलाशय के आस-पास में जाकर स्नान करके पितरों का तर्पण करके १००८ मूलमन्त्र का जप करें। स्नानादि करने के लिये अधोनिर्दिष्ट मन्त्र हैं।

चित्रं देवानामुदणात्...इस मन्त्र से प्रारम्भ कर गोजा ऋतजा अदृजा ऋतं वृह्तपर्यन्त समस्त मन्त्रों का उच्चारण कर स्नान करके ॐआपोहिष्ठा मयो भुवः आदि तीन ऋचाओं को पढकर उक्त मन्त्र से मार्जन करके १०८ अघमर्षण जप एवं प्राणायाम करके सूर्योपस्थान के वाद अङ्ग न्यास पूर्वक १००८ मूलमन्त्र जपें । इसीप्रकार अपने सम्प्रदाय के अनुरूप नियमों का पालन करें ॥१७॥

इसप्रकार आनन्दभाष्यसिंहासनासीन जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यश्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी की कृति श्रीवैष्णव संन्यास मीमांसा में श्रीवैष्णव संन्यास एवं त्रिदण्ड धारण विधि परिपूर्ण हुआ।

卐 ॐ 卐

☫ श्रीचरणपादुकापूजनम् ☫

श्रीवैष्णवश्रीरामानन्दीयपरम्परायामेवं विधः पारम्परिको व्यवहारो वर्तते यत्, मन्त्रे मन्त्रप्रदे गुरौ समभीष्टेदेवे चैक्यं भावयेत् । त्रयाणामपि तुल्यं माहात्म्यं न तु वैषम्यम्, तदुक्तम्-

नमो गुरुभ्यो गुरुपादुकाभ्यो, नमः परेभ्यः परपादुकाभ्यः ।
आचार्यसिद्धेश्वरपादुकाभ्यो, नमोस्तु सीतापति पादुकाभ्यः ॥

सिद्धान्तमिमनुसृत्य यथैव सकललोकाधिनाथस्य परब्रह्मस्वरूपिणो भगवतः श्रीरामचन्द्रस्य चरणपादुका यजनेन यावान् पुण्यराशिरूपचीयेत, तावानेव सपरिकरानन्दभाष्यकारश्रीचरणश्रीमतो मन्त्रप्रदस्य च गुरोः श्रीच-

☫ श्रीचरण पादुका पूजन विधि ☫

श्रीवैष्णव श्रीरामानन्दीय परम्परा में इस तरह का परम्परागत व्यवहार है जो गुरु परम्परा क्रम से व्यवहार परिपाटि देखने में आता है कि-गुरु महाराज द्वारा प्रदत्त ब्रह्म तारक षडक्षर श्रीराममहामन्त्र, एवं पञ्चसंस्कार करने के साम्प्रदायिक नियम परिपालन पूर्वक मन्त्र प्रदान करनेवाले गुरु महाराज एवं उपास्य देव के रूपमें अभीष्ट सर्वेश्वर श्रीरामचन्द्रजी इन तीनों में एक रूपता की भावना करें। मन्त्र, मन्त्र प्रदाता एवं अभीष्ट देव इन तीनों का ही महात्म्य समान है । किसी में भी न्यूनाधिक्य नहीं है । अतः तीनों में प्रभावगत विषमता नहीं है । यही वात कर्मकाण्ड प्रकरण में कही जाती है- परमपूजनीय गुरुजी महाराज को प्रणाम है। एवं गुरुजी के श्रीचरण पादुका को प्रणाम, परम गुरु तथा परात्पर गुरु महाराज को प्रणाम है। और उन गुरुओं की चरणपादुकाओं को भी प्रणाम है । आचार्य एवं सिद्धराजों के चरणपादुकाओं को प्रणाम है, तथा श्रीसीतानाथ श्रीमर्यादापुरुषोत्तम परब्रह्म परमेश्वर श्रीरामचन्द्रजी की श्रीचरणपादुकाओं को मेरा प्रणाम है ।

इस सिद्धान्त का अनुसरण करके जिस तरह निखिल ब्रह्माण्ड गत सभी लोकों के अधिनायक परब्रह्म स्वरूप साकेतलोकाधीश श्रीरामचन्द्रजी की चरणपादुका की पूजा करने से जितनी पुण्य राशि संग्रहीत होती है श्रीरामावतार आनन्दभाष्यकार जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी का परिकर-बारह प्रधान शिष्यों के साथ पूजन करने

रणपादुकापूजनेन पुण्योपचयो भवति। तस्मात् श्रीचरणपादुकायाः पूजनस्य विधिरवश्यमेव निरूपणीयतामेति। तत्र शास्त्रेषु पूजनस्य वहवः प्रकारा दरीदृश्यन्ते। यथा पञ्चोपचारः, षोडशोपचारः, त्रिंशोपचारः, राजोपचारः, मानसोपचारश्चेति। उपचारेष्वेतेषु षोडशोपचारस्य प्राधान्यमस्ति तथैवानन्दभाष्यकारश्रीचरणनिर्देशात् तस्मात् श्रीचरणपादुकायाः षोडशोपचारात्मिका पूजाविधिरुच्यते, तत्र श्रीपादचिह्ने श्रीचरणपादुकायां वा नाकृतिमात्रत्वमपि तु तत्र अधिदेवत्वमस्ति। तस्माद्ध्यानावाहनादयः सम्भवन्ति। तत्र षोडशोपचाराः→

आवाहनासनाभ्याञ्च पादाद्याचमनैस्तथा।
स्नानवस्त्रोपवीतैश्च गन्धपुष्पसुधूपकैः॥
दीपनैवेद्यताम्बूलप्रदक्षिणविसर्जनैः।
षोडशर्चाप्रकारैस्तमेतैरर्चेत् सदा सुधीः॥१८॥

से होती है तथा उतनी ही पुण्य राशि श्रीमान् ब्रह्मतारक श्रीराममन्त्र प्रदान करनेवाले गुरु महाराज की श्रीचरण पादुका का पूजन आदि करने से पुण्य पुञ्ज सञ्जित होता है। तीनों में न्यूनाधिक्य नहीं है। इसलिये श्रीचरणपादुका का पूजन करने का विधान को आवश्यक रूपसे प्रतिपादन अवश्य ही करना चाहिये। तत्तत् शास्त्रों में पूजा करने का बहुत से प्रकार अधिक मात्रा में वार-वार देखने में आते हैं। जैसे कि पञ्च उपचारों से पूजन, सोलह उपचारों से तीस उपचारों से एवं राजोपचार से पूजन और मानस उपचार से पूजन आदि इन समस्त उपचारों में सोलह उपचारों की प्रधानता है। अधितर लोग षोडशोपचार पूजन करते हैं। इसलिये श्रीचरणपादुका का षोडशोपचार पूजन करने का विधि विधान इस ग्रन्थ में प्रदर्शित किया जाता है आनन्दभाष्यकारजी ने श्रीवैष्णवमताब्जभास्कर के ५/१३-१४ श्लोकों से षोडशोपचार का ही आदेश दिया है। श्रीचरण का चिह्न, अथवा श्रीगुरु महाराज की पादुका को केवल आकृति विशेष ही नहीं मान लेना चाहिये, क्योंकि उसमें अधिदेवता विशेष का निवास होता है। अतः उसमें देवत्व है। इसलिये ध्यान आवाहन आदि समस्त उपचार सम्भव है। जैसे कि अधोलिखित सोलह उपचार कहे गये हैं। आवाहन, आसन, पाद्य, अर्घ्य, आचमन, स्नान, वस्त्र, यज्ञोपवीत, गन्ध पुष्प धूप दीप नैवेद्य ताम्बूल प्रदक्षिणा एवं विसर्जन इन सोलह अर्चा (पूजन) प्रकारों से बुद्धिमान् पुरुष सदैव उपासना करें॥१८॥



पुरुषसूक्तप्रकारेण षोडशोपचारैः श्रीरामाभिन्नसर्वेश्वरीश्रीसीतायुत सर्वेश्वरश्रीरामं सभक्तिभावं सम्पूज्य "रामानन्दः स्वयं रामः प्रादुर्भूतो

महीतले" इत्यागमप्रामाण्यात् सर्वेश्वरश्रीरामस्वरूपप्रस्थानत्रयानन्दभाष्यकार जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यचरणं यथोक्तविधिना सम्पूज्य श्रीहनुमत्प्रभृति समस्तपूर्वाचार्यान् संस्तुत्य अकारणकरुणावरुणालयस्य संसारसिन्धु संशोषणरामवाणायितस्य स्वगुरोः श्रीचरणपादुके सावधानेन स्वर्णपात्रे रजत पात्रे वा संस्थाप्य चेतसाविभाव्य, अञ्जलौ ध्यानपुष्पमादाय, अग्रे शुभासने गुरोः चरणारविन्दलक्ष्मासानुरागं निधाय-पठेत्

हरिः ॐ सहस्त्रशीर्षा पुरुषः सहस्त्राक्षः सहस्त्रपात् ।

सभूमिँ सर्वतस्पृत्वा त्त्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम् ॥१॥

मोहान्धकार विनिवारणकर्मदक्षे, वैराग्यरागरसिके करुणानिधाने ।

श्रीमद्गुरोः परमपावनपादुके द्वे-आवाहयामि निजभक्तजनैः सुसेव्ये ॥१॥

ॐभूर्भुवः स्वः इदं ध्यानपुष्पं श्रीचरणपादुकयोः समर्पयामि ।

पुरुषसूक्त में निर्दिष्ट विधान के अनुसार षोडशोपचार से सर्वेश्वर श्रीरामजी की अभिन्न स्वरूपा सर्वेश्वरी श्रीसीताजी के साथ सर्वेश्वर श्रीरामजी की पूर्ण भक्तिभावना के साथ सविधि पूजाकर "स्वयं श्रीरामजी श्रीरामानन्दाचार्यजी के रूपमें ४४०० कलियुग व्यतीत होने पर प्रयाग राज में अवतरित हुये" इस आगम वचन से बोधित आनन्दभाष्यकार जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी को भक्तिभाव पूर्वक सविधि षोडशोपचार से पूजनकर श्रीहनुमानजी प्रभृति सभी पूर्वाचार्यों को संक्षेपतः स्तवन एवं पूजन करने के वाद विना किसी हेतु के ही प्राणी मात्र के प्रति करुणा के सागर जन्म मरण परम्परा स्वरूप संसार सागर का सम्यक् प्रकार से शोषण करने के लिये श्रीराम बाण के समान आचरण करनेवाले अपने श्रीगुरु महाराज के चरणपादुकाओं को सावधान मन से विशेष रूपसे चिन्तन करके अञ्जलि में ध्यान करने के लिये पुष्प लेकर अपने पवित्र सोने अथवा चांदी के आसन पर गुरु महाराज के चरणकमल या चिह्न को अनुराग पूर्वक सम्यक् प्रकार से स्थापित करके आगे कहा जानेवाला मन्त्र पढना चाहिये-सांसारिक मोह ममता स्वरूप अज्ञानान्धकार को विशेष रूपसे दूर करने में परम निपुण, तथा वैराग्य में

पुरुषएवेद॑ँसर्वंयद्भूतंय्यच्च भाव्यम् ।
उतामृतत्त्वस्येशानोयदन्नेनातिरोहति ॥२॥
विद्योतमानं महिमानिधानं शुभासनं तेऽत्र विराजनीयम् ।
हे दीनवन्धो परमार्थतत्वे, मतिर्मदीयाऽस्तु नमोस्तु भूयः ॥२॥

ॐभूर्भुवः स्वः इदं पुष्पासनं श्रीचरणपादकयोः समर्पयामि ।

एतावानस्यमहिमातोज्ज्यायां श्च पूरुषः ।
पादोस्यव्विश्श्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतन्दिवि ॥३॥
नाथ त्वदीयचरणाम्बुजदीयमानं पाद्यं निपीय विबुधा ह्यमरा बभूवुः ॥
रम्यं हृतं सकलतीर्थजलं पवित्रं पाद्यं ददामि कृपया ह्युरुरीकुरुष्व ॥३॥

ॐभूर्भुवः स्वः इदं पाद्यं सलिलं श्रीचरणपादुकयोः समर्पयामि ।

त्रिपादूद्ध्वऽउदैत्पुरुषः पादोस्येहाभवत्पुनः ।
ततोविष्ष्वङ्व्यक्क्रामत्त्साशनानशनेऽअभि ॥४॥

अनुराग पैदा करने के अनुरागी अपने शिष्यगण सहित प्राणियों पर करुणा पूर्ण भावना के आगार श्रीमान् गुरुवर के परम पावन दोनों पादुकाओं को आवाहन करता हूँ। जो चरणपादुका अपने भक्तजनों के अच्छी तरह से सेवा करने योग्य हैं ॥१॥

ॐ...आदि मन्त्र को पढकर ध्यान पुष्प श्रीचरणपादुकाओं को समर्पण करता हूँ ।

हे दीन वन्धु समस्त महिमाओं का आगार आगम के साथ वैठने योग्य यह विशेष रूप से प्रकाशमान परम मङ्गल जनक आप के लिये आसन है, हे अनाथों के नाथ मेरी बुद्धि परमार्थ तत्व में संलीन हो एतदर्थ आपको भूयो भूयः प्रणाम है ॥२॥
यह पुष्प का आसन श्रीचरण पादुकाओं के लिये समर्पित करता हूँ ।

हे नाथ आपके चरणकमलों में दिया जाता हुआ, चरण प्रक्षालन जलका पान करके अनेकानेक देवगण दीयमान चरणामृत का पान का विशेष तत्वों के ज्ञानी देवत्व को प्राप्त किये । अत्यन्त रमणीय समस्त तीर्थों से सञ्चित परम पवित्र पाद प्रक्षालनार्थ जलको आप अङ्गीकार करें ॥३॥
यह पाद प्रक्षालनार्थ श्रीचरणपादुकाओं के लिये समर्पित करता हूँ ।

यह श्रीचरणपादुकाओं के अधिदेवता के हाथों के प्रक्षालन के लिये दिया जाता

निर्णेजनाथ करयोरिदमर्म्यमाणं तीर्थाम्बुसेकसलिलं महिमानिधानम् ।
अर्घ्यं गृहाण सकलाघहरं दयालो ? संसारसागरभवं हर दुःखपुञ्जम् ॥४॥

ॐभूर्भुवः स्वः इदमर्घ्यं श्रीचरणपादुकयोः समर्पयामि ।

ततोव्विराडजायतव्विराजोऽअधिपुरुषः ।
सजातोऽअत्त्यरिच्च्यत पश्च्चाद्भूमिमथोपुरः ॥५॥

यत्त्वं ददासि निजभक्तजनाय दिव्यं, स्थानं मया सकलपापविनाशदक्ष ।
तस्याशया सुखदमाचमनं प्रदत्तं, प्रीत्यर्पितं ननु गृहाण परं पवित्रम् ॥५॥

ॐभूर्भुवः स्वः इदमाचननीयं श्रीचरणपादुकयोः समर्पयामि ।

तस्माद्द्यज्ञात्सर्व्वहुतः सम्भृतम्पृषदाज्ज्यम् ।
पशूंस्तांश्च्चक्क्रे व्वायव्व्यानारण्ण्याग्ग्राम्म्याच्श्चये ॥६॥

संसारजं सकलशत्रुचमुं प्रकीर्णं हन्तुं प्रवृत्तमनिशं सततं नमस्यम् ।
पञ्चामृतेन सलिलेन च शीतशीतम् स्नानाय तेऽर्पितमिदं कमनीयनीरम् ॥६॥

ॐभूर्भुवः स्वः इदं स्नानीयं सलिलं श्रीचरणपादुकयोः समर्पयामि ।

हुआ, विविध प्रकार के महिमाओं का आगार तीर्थ जलों का सिञ्चन के कारण रमणीय जल जो समस्त जन्म जन्मान्तर सञ्चित पापों का निवारण में सक्षम है ऐसे अर्घ्य जलको स्वीकार करें एवं इस संसार सागर में होनेवाला समस्त दुःख समुदाय का हे दयालु आप निवारण करें ॥४॥

यह अर्घ्य...श्रीचरणपादुकाओं को समर्पण करता हूँ ।

हे श्रीचरणपादुकाधिदेव जो आप अपने आत्मीय जनको अलौकिक दिव्य पद प्रदान करते हैं । उसी दिव्य पद को प्राप्त करने की अभिलाषा से मुझसे परमानुराग पूर्वक यह आचमनीय जल प्रदान किया गया है । अतः हे पाप विनाश दक्ष ? यह परम पवित्र आचमनीय आप स्वीकार करें ॥५॥

...यह आचमनीय श्रीचरणपादुकाओं के लिये समर्पित है ।

समस्त प्राणी के अनुराग को उत्पन्न करने वाला यह पञ्चामृत संसार में फैला हुआ संसार जनित समस्त शत्रु समुदाय को निवारण करने तत्पर अहर्निश प्राणी मात्र के लिये प्राणम्य यह कमनीय पञ्चामृत आपके स्नान के लिये समर्पित है ॥६॥

तस्माद्द्यज्ञात्सर्व्वहुतऽऋचः सामानिजज्ञिरे ।
छन्दाᳬसि यज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत ॥७॥
लोकानुरागजननं सदनं सुखानां कार्पाससूत्रजनितं महितं मनुष्यैः ।
वस्त्रं ददामि कमनीयमिदं सुसूक्ष्मं प्रीत्या गृहाण परिपाहि सुशिष्यलोकम् ॥७॥
ॐभूर्भुवः स्वः इदं परिधानीयं वस्त्रं श्रीचरणपादुकयोः समर्पयामि ।
तस्मादश्वाऽअजायन्तयेकेचो भयादतः ।
गावोह जज्ञिरे तस्माज्जाताऽअजावयः ॥८॥
कार्पासजातं सुपुनीतरूपं यज्ञोपवीतं परमं पवित्रम् ।
देवैर्मनुष्यैः परिपूजनीयं गृहाण यज्ञोचितसूत्रमेतत् ॥८॥
ॐभूर्भुवः स्वः इदं यज्ञोपवीते बृहस्पतिदैवते श्रीचरणपादुकयोः समर्पयामि ।
तं यज्ञम्बर्हिषि प्प्रौक्षन्पुरुषञ्जातमग्ग्रतः ।
तेन देवाऽअयजन्त साद्ध्या ऋषयचश्चये ॥९॥
सद्भक्तदुःखपरिशीलनखिन्नचेतः सद्भक्तरक्षणविधौ परिलब्धकीर्तिः ।
सद्गन्धचन्दनमहं परितोऽर्पयामि, तुष्ट्या गृहाण शरणागतपालनाय ॥९॥
ॐभूर्भुवः स्वः इदं चन्दनं श्रीचरणपादुकयोः समर्पयामि ।
...यह स्नानीय जल श्रीचरणपादुकाओं के लिये समर्पित है ।

प्राणी मात्र के अनुराग को पैदा करनेवाला सभी सुखों का आगार समस्त मानवों से परिपूजित कपास के सूत से वना हुआ अत्यन्त पतला अत्यन्त सुन्दर वस्त्र आपको देता हूँ। हे श्रीचरणपादुके आप स्नेह पूर्वक इसे स्वीकार करें एवं अपने शिष्य समूह को सर्वतोभावेन रक्षा करें ॥७॥

...यह परिधानीय वस्त्र श्रीचरणपादुका के लिये समर्पित है ।

कपास से बना हुआ अत्यन्त पवित्रतम स्वरूप वाला परम पवित्र यह यज्ञोपवीत (जनेऊ) जो देवताओं एवं मानवों द्वारा सर्वतोभावेन सम्मान करने योग्य है, ऐसे यज्ञ के लिये समुचित यह यज्ञ सूत्र आप स्वीकार करें ॥८॥

...ये दो यज्ञोपवीत जिनके वृहस्पति देवता हैं वे ये श्रीचरणपादुकाओं के लिये मैं समर्पण करता हूँ ।

अपने प्रशंसनीय भक्तजन के दुःख समुदाय के परिशीलन करने के कारण

यत्पुरुषंव्व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन् ।
मुखङ्किमस्यासीत्किम्बाहू किमूरूपादा उच्च्येते ॥१०॥
श्रयन्ति देवा मुनयः सुसिद्धाः सद्गन्धपूर्णानि मनोहराणि ।
पुष्पाणि दत्तानि दयानिधान गृहाण मह्यं परिपातु भूयः ॥१०॥
ॐभूर्भुवः स्वः एतानि सुगन्धीनि पुष्पाणि श्रीचरणपादुकयोः समर्पयामि ।
ब्राह्मणोस्य मुखमासीद्बाहूराजन्यः कृतः ।
ऊरुतदस्य यद्वैश्श्यः पद्भ्याऽशूद्रोऽजायत ॥११॥
वनस्पतिरसो दिव्योगन्धाढ्यः सुमनोहरः ।
आघ्रेयः सर्वदेवानां धूयोऽयं प्रतिगृह्यताम् ॥११॥
ॐभूर्भुवः स्वः एष धूपः श्रीचरणपादुकयोः समर्पितः राराजताम् ।
चन्द्रमा मनसो जातच्क्षक्षोः सूर्योऽजायत ।
श्रोत्राद्वायुच्श्चप्प्राणश्चमुखादग्निरजायत ॥१२॥

जिनका चित्तखेद युक्त है एवं सद्भक्तों का संरक्षण करने में जिन्हें अनन्त कीर्ति प्राप्त है उन श्रीचरणपादुकाओं के लिये मैं सुन्दर प्रशंसनीय सुगन्धि युक्त चन्दन मैं सभी प्रकार से समर्पण करता हूँ ॥९॥

...यह चन्दन श्रीचरणपादुकाओं को समर्पण करता हूँ ।

जिन अच्छे गन्धों से परिपूर्ण मानस को अत्यन्त आकर्षित करनेवाले जिन पुष्पों को देवगण तथा मानव समुदाय आश्रयण करते हैं । वे सत्पुष्प आपके लिये समर्पित हैं । हे दयानिधान ? आप इन पुष्पों को स्वीकार करें एवं मुझे पुनः पुनः सभी प्रकार से परिपालित करें ॥१०॥

...ये सुगन्धि युक्त पुष्प श्रीचरणपादुकाओं के लिये समर्पित है ।

यह सुगन्धियों का धनवान् उत्तम गन्ध युक्त वनस्पतियों का रस स्वरूप समस्त देवतागण के लिये सभी तरह से घ्राण द्वारा ग्रहण योग्य धूप आपके द्वारा स्वीकार किया जाय ॥११॥

...यह धूप श्रीचरणपादुकाओं के लिये समर्पित है । यह अत्यन्त सुशोभित हो ।

हे तीनों लोकों के अज्ञानान्धकार को निवारण करनेवाले स्वामी वर्तिका से

आज्यं सवर्तिसंयुक्तं वह्निना योजितं मया ।

दीपं गृहाण हे स्वामिन् त्रैलोक्यतिमिरापह ॥१२॥

ॐभूर्भुवः स्वः एष दीपः श्रीचरणपादुकाभ्यां नमः ।

नाभ्भ्याऽआसीदन्तरिक्ष७ँशीष्र्णो द्यौः समवर्त्तत ॥

पद्भ्याम्भूमिर्दिशः श्श्रोत्रात्तथालोकां ऽअकल्पयन् ॥१३॥

अन्नं चतुर्विधं स्वादुरसैः षड्भिः समन्वितम् ।

मया निवेदितं भक्त्या नैवेद्यं प्रतिगृह्यताम् ॥१३॥

ॐभूर्भुवः स्वः इदं नैवेद्यं श्रीचरणपादुकयोः समर्पयामि ।

यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत ।

व्वसन्तोस्यासीदाज्ज्यङ् ग्रीष्मऽइद्मः शरद्धविः ॥१४॥

एलादिकर्पूरयुतं रसाढ्यं, सुस्वादु पुगीफलसंयुतं च ।

ताम्बूलमारोग्यकरं मुखस्य गृहाण दत्तं कृपया दयालो ॥१४॥

ॐभूर्भुवः स्वः इदं ताम्बूलं श्रीचरणपादुकयोः समर्पयामि ।

युक्त यह घृत मुझसे अग्नि से संयुक्त करदिया गया है, अर्थात् प्रज्वलित करदिया गया है, अतः इस दीप को आप स्वीकार करें ॥१२॥

...यह दीप श्रीचरणपादुकाओं को समर्पित करता हूँ ।

भक्ष्य लेह्य चोष्य पेह्य भेद से चार प्रकार का अन्न आस्वादन करने योग्य रसों जो मधुर अम्ल कटु कषाय तिक्त भेद से ख्यात हैं । उन से परिपूर्ण नैवेद्य मुझसे समर्पित किया गया है, इसे आप कृपाकर स्वीकार करें ॥१३॥

...यह नैवेद्य श्रीचरणपादुकाओं के लिये समर्पित है ।

इलाँयची कर्पूर आदि रखने के कारण स्वाद्य रसों से परिपूर्ण अत्यन्त स्वादिष्ट पूगी फल से सम्यक् प्रकार से मिश्रित, मुखके आरोग्य को उत्पन्न करने वाला इस ताम्बूल को हे दयालु कृपा करके मुझसे दिया गया इस पान को आप स्वीकार करें ॥१४॥

...यह ताम्बूल श्रीचरणपादुकाओं को समर्पण करता हूँ ।

सप्तास्यासन्परिधयस्त्रिः सप्तसमिधः कृताः ।
देवायद्यज्ञन्तन्वानाऽअबध्नन्पुरुषम्पशुम् ॥१५॥
काञ्चनं रजतोपेतं नानारत्न समन्वितम् ।
दक्षिणां कृपया श्रीमन् गृहाण करुणानिधे ॥१५॥
ॐभूर्भुवः स्वः इयं दक्षिणा श्रीचरणपादुकयोः समर्पयामि ।
यज्ञेन यज्ञमयजन्तदेवास्तानिधर्म्माणि प्रथमान्यासन् ।
तेहनाकम्महिमानः सचन्तयत्रपूर्वेसाद्ध्याः सन्ति देवाः ॥१६॥
अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सल ।
भक्त्या समर्पये तुभ्यं समस्तावरणार्चनम् ॥१६॥
ॐभूर्भुवः स्वः एष पुष्पाञ्जलिः श्रीचरणपादुकयोः समर्पयामि ॥१९॥

इत्यानन्दभाष्यसिंहासनासीन जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यश्रीरामेश्वरानन्दाचार्यस्य कृतौ श्रीचरणपादुका पूजनं परिपूर्णम् ।

ॐश्रीराम

॥ यतीनांदिनचर्यानिरूपणम् ॥

प्रातर्नमामि करुणावरुणालयस्य श्रीरामचन्द्रमहनीयगुणालयस्य ।
संसार-ताप-विनिवारणसद्व्रतस्य वैदेहिप्रीतिनिलयौ चरणौ दयालोः ॥१॥

नाना प्रकार के रत्नों से परिपूर्ण रजत (चान्दी) के सहित यह सुवर्ण दक्षिणा स्वरूप में आपको समर्पित है हे करुणा निधान इसे आप कृपाकर स्वीकार करें ॥१५॥
...यह दक्षिणा श्रीचरणपादुकाओं को समर्पण करता हूँ ।

हे शरणागत भक्तजन के लिये परम वात्सल्य भाव सम्पन्न ? मेरी अभिमत कामनाओं की सफलता को आप प्रदान करें । मैं भक्तिभाव परिपूर्ण होकर आपके समस्त आवरणों का अर्चन सम्पन्न करता हूँ ॥१६-१९॥
...यह पुष्पाञ्जलि श्रीचरणपादुकाओं को समर्पण करता हूँ ।

इसप्रकार आनन्दभाष्यसिंहासनासीन जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यश्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी कृत श्रीचरणपादुका का षोडशोपचार पूजन परिपूर्ण हुआ ।

॥ श्रीवैष्णव संन्यासियों की दिनचर्या का प्रदिपादन ॥

अहैतुकी करुणा पारावार परम पूजनीय गुणों के आगार, संसार में होनेवाले

श्रीरामचन्द्रचरणौ सततं नमामि श्रीराघवेन्द्रचरणाम्बुरुहं स्मरामि ।
श्रीकोशलेन्द्रशरणं सततं श्रयामि सर्वेश्वराङ्घ्रिगुणजातमहं भजामि ॥२॥
श्रीराम राम रघुनन्दन राम राम श्रीराम राम भरताग्रज राम राम ।
श्रीराम राम रणकर्कश राम राम श्रीराम राम शरणं भव राम राम ॥३॥
दक्षिणे लक्ष्मणो यस्य वामे तु जनकात्मजा ।
पुरतो मारुतिर्यस्य तं वन्दे रघुनन्दनम् ॥४॥

अथ श्रीवैष्णवसंन्यासिनां दिनचर्या निरुप्यते । तत्र श्रीबोधायनः आह-
अथैतानि व्रतानि भवन्ति । अक्रोधो गुरुशुश्रूषाऽप्रमादः शौचमाचारश्चेति ।
यथादित्योयमोराजा यतीनां भावितात्मनाम् ।
जगाद विहितान्धर्मान् वेद संन्यासिनामपि ॥

दैहिक दैविक तथा भौतिक सन्तापों का विशेष रूपसे निवारण ही परम सुन्दर जिनका व्रत है। जनक नन्दिनी श्रीसीताजी के उत्कृष्ट स्नेह का आश्रय जिनका श्रीचरण कमल हैं ऐसे परम दयालु भगवान् सर्वेश्वर श्रीरामचन्द्रजी के चरणों में मैं प्रातःकाल में प्रणाम करता हूँ ॥१॥

भगवान् सर्वेश्वर श्रीरामचन्द्रजी के चरणों को मैं सदैव प्रणाम करता हूँ। भगवान् श्रीराघवेन्द्रजी के चरणकमलों को मैं सदैव स्मरण करता हूँ, आजीवन सदैव मैं श्रीकोशलेन्द्र भगवान् श्रीरामजी का शरणागत होता हूँ। तथा सर्वेश्वर श्रीरामचन्द्रजी के गुण समुदाय का मैं सर्वदा परम पूज्य भावसे सेवन करता हूँ ॥२॥

हे रघुकुलनन्दन, श्रीभरतजी के ज्येष्ठ-भ्राता, संग्राम भूमि में शत्रुओं के प्रति अत्यन्त कठोर हे श्रीरामचन्द्रजी परब्रह्म परमेश्वर आप मुझ अपने सेवक का आश्रय हों ॥३॥

जिन भगवान् श्रीरामचन्द्रजी के दक्षिण भाग में परम प्रिय अनुज श्रीलक्ष्मणजी हैं, एवं वाम भाग में परम प्रेयसी जनक नन्दिनी श्रीसीताजी हैं एवं अग्र भाग में पवनतनय श्रीहनुमानजी उन श्रीरघुकुल नन्दन सर्वेश्वर को मैं प्रणाम करता हूँ ॥४॥

इसके पश्चात् श्रीवैष्णव संन्यासियों के दिनचर्या का प्रतिपादन किया जाता है। दिनचर्या के सम्बन्ध में श्रीरामानन्दीय श्रीवैष्णव-श्रीसम्प्रदाय के मूर्धन्य आचार्य श्रीबोधायनजी कहते हैं→श्रीवैष्णव संन्यासियों के ये सभी व्रत होते हैं→क्रोध का

अहिंसा सत्यमक्रोधो ब्रह्मचर्यं तपः श्रुतम् ।
अस्तेयाव्यभिचारौ च धर्मोदश विधः स्मृतः ॥
तपसो वाङ्मनः कायभेदेन भिन्नत्वाद्दशविधत्वम् ।
सन्तोषो गुरुशुश्रूषा ह्यप्रमादक्षमादयः ।
मौनमाहारशुद्धिश्च शौचमष्टौ व्रतानि च ॥

एते आश्रमधर्माः सन्ति ब्रह्मचर्याश्रमादारभ्य संन्यासाश्रमपर्यन्तं यस्मिन्कस्मिंश्चिदपि आश्रमे वसतां मनुष्याणामयं साधारणो धर्मः । तेन नियमेन एषामनुपालनं विधेयम् । हिंसा दशविधा भवति तेन अहिंसायाऽऽपि दशविधत्वमुचितम् । तथाहि- उद्वेगकरणम्, सन्तापकरणम्, रुजाकरणम्, शोणितोत्पादनम्, पैशुन्यम्, सुखापनयनम्, अतिक्रमः, सङ्कोचः, हितप्रतिषेधः, वध इति । अक्रोधत्वेन क्रोधसिद्धानां कार्याणां निषेधः- सर्वथा अभाव, गुरुजनों की सेवा, प्रमाद का अभाव असावधानी को प्रमाद कहा जाता है। अतः अपने उपास्य के प्रति निरन्तर जागरुकता, एवं पवित्रता पूर्ण समस्त आचार विचार ।

जैसा कि भावितात्माओं संन्यासियों के लिये भगवान् दिवाकर के पुत्र यमराज से विधान किये गये धर्मों के विषय में कहे हैं, वे ही धर्म वेद संन्यासियों के लिये भी कहे गये हैं । मन वचन काया से हिंसा नहीं करना, सत्य क्रोध नहीं करना, ब्रह्मचर्य, तपस्या, शास्त्रज्ञान, चोरी नहीं करना एवं व्यभिचार नहीं करना ये दशप्रकार के धर्म कहे गये हैं । तपस्याओं का वाणी मन एवं काया के द्वारा भिन्न-भिन्न होने के कारण ये दश प्रकार के तपस्याएं है । सन्तोष, गुरु की सेवा, सतत जागरुकता, क्षमा आदि मौन एवं आहार की पवित्रता ये आठ प्रकार के शौच व्रत भी हैं । ये सभी ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं संन्यास सभी आश्रमों के धर्म हैं । ब्रह्मचर्याश्रम से लेकर संन्यासाश्रम पर्यन्त जिस किसी भी आश्रम में निवास करनेवाले मानवों का यह सर्व साधारण धर्म है । उस नियम के अनुसार इन समस्त धर्मों का अनुपालन सभी को करना चाहिये । हिंसा का अर्थ प्राण वियोग के अनुकूल यत्न कहा जाता है वह हिंसा दश तरह की होती है इससे अहिंसा का भी दश प्रकार का होना संगत

हन्ताचैवानुमन्ता च विशस्ता क्रयविक्रयी ।
संस्कर्त्ता चैव कर्त्ता च खादकश्चाष्टपातकाः ॥

सत्यविषये वायुराह-न धर्ममनृतं हिनस्तीति मनीषिणाम् ।
तथापि तन्न वक्तव्यं प्रसङ्गोऽप्येष दारुणः ॥

अस्तेयमपिवायुरेव न्यरूपयत्-
असद्वादो न कर्त्तव्यो यतिना धर्मलिप्सुना ।
न चैवापद्गतेनापि स्तेयं कार्यं कदाचन ॥

ब्रह्मचर्यन्तु-स्मरणं कीर्तनं केलिः प्रेक्षणं गुह्यभाषणम् ।
सङ्कल्पोऽध्यवसायश्च क्रियानिर्वृतिरेव च
एवं मैथुनमष्टाङ्गं प्रवदन्ति मनीषिणः ॥

एवं अष्टविधमैथुनपरित्यागपूर्वकभगवदनुध्यानं ब्रह्मचर्यमुच्यते ।
शौचन्तु बाह्याभ्यन्तरशुचिता स्वाध्यायन्तु-
जपेनापि नयेत् कालं ध्यानश्रान्तो यतिस्तथा ।
ध्यानेन जपविश्रान्तः पुनर्ध्यायेत् पुनर्जपेत् ॥

ही है । जैसे कि उद्वेग पैदा करना, घवराहट पैदा करना, घायल करना, खून निकाल देना, चुगलखोरी करना, सुख को दूर करना, अतिक्रमण करना, संकोच करना, किसी के हित में बाधा डालना और मार डालना ये सव हिंसायें कही जाती हैं । कुछ तो साक्षात् हिंसा हैं एवं कुछ पारम्परिक हैं । इनका अभाव अहिंसा है । अक्रोध का अर्थ है क्रोध के कारण होनेवाले कार्यों का निषेध । जैसे कि मारनेवाला, समर्थन करनेवाला, काटनेवाला, खरीदने तथा वेचनेवाला, पकानेवाला, या मारने की क्रिया करनेवाला तथा खानेवाला, आठों हिंसा का पातकी है । सत्य के विषय में भगवान् वायु कहते हैं कि मनीषियों के धर्मको असत्य विनष्ट नहीं करता तथापि असत्य नहीं बोलना चाहिये असत्य का यह प्रसङ्ग भी अत्यन्त भयङ्कर होता है । वायु ही चोरी नहीं करने के सम्बन्ध में प्रतिपादन किये हैं धर्मकी अभिलाषा करनेवाले संन्यासियों के द्वारा अप्रसंशनीय वाद-विवाद नहीं करना चाहिये तथा विपत्ति ग्रस्त होने पर भी किसी भी परिस्थिति में कभी भी चोरी नहीं करना चाहिये । आठ प्रकार के मैथुनों

चत्वारः पाकयज्ञास्तु विधियज्ञसमन्विताः ।
ते सर्वे जपयज्ञस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ॥

अपरिग्रहस्तु-संस्कृतां नवदेद्वाणीं बालवन्मूकवच्चरेत् ।
न द्रव्यसंचयं कुर्यात् मात्रामप्यन्यकालिकीम् ॥

एवमादिलक्षणलक्षितानां दशविधानां धर्माणामनुपालनम् सर्वेषां कर्तव्यम् । इत्थं धर्मानुपालनपूर्वकम् व्यवहरन् ब्राह्मे मुहूर्ते उत्थाय स्वाभीष्टदेवं स्मृत्वा आसनं परित्यजेत् । तदुक्तम् विश्वामित्रेण-

उषःकाले समुत्थाय शौचं कृत्वा विधानतः ।
दन्तकाष्ठमथाचम्य पर्ववर्जमतन्द्रितः ॥

कृतस्नानोजपेत्तावद् यावदादित्यदर्शनम् ॥

देवलस्तु-ध्याने दैवतपूजायां भोजनेदन्तधावने ।
अवश्यकार्ये स्नाने च मौनं षट्सुविधीयते ॥

मूत्रपूरीषोत्सर्गसमये दक्षिणे कर्णे यज्ञोपवीतं त्रि वेष्टयित्वा प्रातः सायं दिवसे वा उत्तराभिमुखो रात्रौ दक्षिणाभिभूत्वा, काष्ठ लौह पत्रतृणादिभि रात्मानं तिरस्कृत्य वस्त्रेण शिरः देहं चावगुण्ठच्य वाचं नियम्य मलमूत्रत्यागं कुर्यात् । निषिद्धस्थानेषु च मलमूत्रत्यागं न कुर्यात् । तदुक्तं मनुना-

का परित्याग पूर्वक भगवान् का अनुचिन्तन करना ब्रह्मचर्य कहा जाता है । स्मरण, कीर्त्तन, अर्थात् कामिनी का नामोच्चारण, केलि, कामिनी को देखना, गोपनीय चर्चा करना, कामविषयक संकल्प करना, निश्चय करना, एवं संभोग क्रिया को पूर्ण करना ये आठ प्रकार के मैथुन हैं इनका सर्वथा परित्याग ब्रह्मचर्य है । बाहरी तथा आन्तरिक सभी तरह की पवित्रता को शौच कहते हैं । स्वाध्याय के विषय में कहा गया है कि ध्यान करते-करते थका हुआ संन्यासी भगवान् के नाम जपकर भी समय वितावे । जप से थककर ध्यान से समय वितावें इसप्रकार पुनः-पुनः जप एवं पुनः-पुनः ध्यान से ईश्वर, समर्पित मति होना स्वाध्याय है । क्योंकि शास्त्रों में जपका अतिशय महत्व बताया गया है । विधि यज्ञ से युक्त चारों ही पाक यज्ञ मिलकर सभी जप यज्ञ की सोलहवीं कला को भी तुलना नहीं करसकते । अपरिग्रह के सम्बन्ध में कहा गया

न मूत्रं पथि कुर्वीत न भस्मनि न गोव्रजे ।
फालकृष्टे न च जले न चित्यां न च पर्वते ॥
न जीर्णदेवायतने न वल्मीके कदाचन ॥
न ससत्वेषु गर्तेषु न गच्छन्नापि संस्थितः ।
न नदीतीरमासाद्य न च पर्वतमस्तके ।
वाय्वग्निविप्रमादित्यमपः पश्यंस्तथैव गाः ।
न कदाचन कुर्वीत विण्मूत्रस्य विसर्जनम् ॥ इति ॥

है कि धर्माभिलाषी व्यक्ति को दूसरों को प्रभावित करनेवाले संस्कार युक्त मनोहर बातें नहीं करनी चाहिये । बालक या गूँगा के जैसे अपने चित्त को ईश्वर में लगाकर व्यवहार करना चाहिये । दूसरे समय में काम आवे ऐसे एक पैसा धन को भी संग्रहित नहीं करना है ।

इत्यादि प्रकार से परिभाषित दश प्रकार के धर्मों का अनुपालन करना सभी आश्रमों में रहनेवाले मानवों का कर्त्तव्य है । इसप्रकार धर्मों का अनुपालन करते हुये ब्राह्म मूर्हूत में उठकर संन्यासी अपने अभीष्ट देवता श्रीरामजी का स्मरण करके अपने शयन के आसन का परित्याग करे । यही वात विश्वामित्र के द्वारा कही गयी है उषःकाल में विधिवत् उठकर शास्त्र एवं सम्प्रदाय के विधानानुसार शौच करके दातुन करे तथा कुल्ला आचमन आदि करके स्नान करे । दातुन निरालस होकर पर्वों को छोडकर ही अन्य दिनों में करें । एवं स्नान के पश्चात् तब तक जप करता रहे जब तक कि भगवान् सूर्यका दर्शन न हो । देवल स्मृति में भी कहते हैं कि ध्यान के समय में, देवताओं की पूजा के समय में, भोजन के समय में, दातुन करने के समय में, आवश्यक कार्य के समय तथा स्नान के समय इन छः कार्यों के समय मौन आचरण करना चाहिये । मूत्र अथवा मलोत्सर्ग के समय में दाहिने कान में यज्ञोपवीत को तीनवार लपेटकर प्रातःकाल सायंकाल अथवा दिन में उत्तराभिमुख होकर मलमूत्र का परित्याग करे तथा रात्रि में दक्षिणाभिमुख होकर मलमूत्र त्याग करे । लकडी, लोहा, पत्ता, अथवा घास आदि से अपने आपको छिपाकर तथा वस्त्र से शिर और देह को ढँककर वाणी को नियन्त्रित कर अर्थात् मौन रहकर मलमूत्र त्याग करना चाहिये । वर्जित स्थानों पर मलमूत्र त्याग नहीं करना चाहिये । मनुस्मृतिकार के द्वारा कहा गया

छायायामन्धकारे प्राणवाधाभयेषु च यथासुखमुखः मलमूत्रविसर्जनं कुर्यात्।

निरालसः सन् मलमूत्रविसर्जनान्तरं सावधानतया यथाशास्त्र यथासम्प्रदायञ्च गन्धलेपक्षयावधि शौचं विधाय हस्तप्रक्षालनादि प्राणायामाचमनपर्यन्तं कर्मकुर्यात् । शौचार्थम् वल्मीकमूषकोत्खातादिवर्जं मृदं पूर्वस्मिन्नेव कालेगृह्णीयात् । मूत्रत्यागानन्तरं शौचविषये शातातपेनोक्तम्-

एकालिङ्गे करे सव्ये तिस्रो द्वे हस्तयोर्द्वयोः ।
मूत्रशौचं समाख्यातं शूक्रे तद्विगुणं स्मृतम् ॥

पुरीषोत्सर्गानन्तरं शौचविषये मनुनोक्तम्-

एकालिङ्गे गुदेतिस्त्रः तथैकत्रकरे दश ।
उभयोः सप्तदातव्या मृदः शुद्धिमभीप्सता ॥

है कि रास्ता पर पेशाब नहीं करना चाहिये । राख में, गोशाला में, जोते गये खेत में तथा चबूतरा एवं पर्वत पर पेशाब नहीं करना चाहिये । टूटा हुआ देवमन्दिर, वाँवी (वल्मीक) पर भी कभी भी पेशाब न करें । जिस गढा में प्राणी हो वहाँ पेशाब न करें । चलता हुआ या खडा होकर पेशाब न करें । हवा, आग, ब्राह्मण, सूर्य पानी तथा गाय को देखता हुआ मूत्र त्याग नहीं करें अथवा इन स्थानों पर मल त्याग भी नहीं करना चाहिये। छाया में, अन्धकार में, प्राण संकट उपस्थित होनेपर, और भय की स्थिति में जिसतरह सुविधा हो उस दिशा की ओर मुख करके मलमूत्र का विसर्जन करे । इन परिस्थितियों में दिशा नियम का कोई दोष नहीं है । आलस्य मुक्त होकर मलमूत्र विसर्जन करने के पश्चात् सावधानी से शास्त्रीय नियमानुसार और जैसा अपना साम्प्रदायिक नियम है जबतक दुर्गन्धि एवं चिकनाहट का विनाश न हो जाय तबतक शौच करके हाथ पैर प्रक्षालन प्राणायाम आचमन पर्यन्त क्रियायें करें । शौच के लिये वल्मीक, चूहा आदि के द्वारा उखाडे गये मिट्टी को छोडकर शौच से पूर्व समय में ही मिट्टी लेलेना चाहिये। मूत्रत्याग करने के पश्चात् शौच के विषय में शातातप स्मृतिकार के द्वारा कहा गया है कि मिट्टी से मिला हुआ जलसे लिङ्ग को एकवार धोना चाहिये । बायें हाथ को तीनवार, दोनों हाथों को दो-दो वार मिट्टी से धोना मूत्र शौच कहा गया है । शुक्रपात होने पर इसके दुगुणा शौच करने का विधान है । तत्पश्चात् छः वार कुल्ला करके तीनवार प्राणायाम करना चाहिये । मलत्याग करने के

एतच्छौचं गृहस्थानां द्विगुणं ब्रह्मचारिणाम् ।
त्रिगुणं स्याद् वनस्थानां यतीनां तु चतुर्गुणम् ॥
वसित्वा धौतकौपीनं गण्डूषान् द्वादशांस्चरेत् ।
आचम्य प्रयतो भूत्वा प्राणायामान् षडाचरेत् ॥
तत्रचमन्त्रः-देवताऋषयः सर्वे पिसाचोरगराक्षसाः ।
इतो गच्छन्तु भूतानि बहिर्भूमिं करोम्यहम् ॥
दक्षस्मृतावुक्तम्-शौचे यत्नः सदाकार्यः शौचमूलोद्विजः स्मृतः ।
शौचाचारविहीनस्य समस्ता निष्फलाः क्रियाः ॥२०॥

दक्षस्मृतौ उक्तम्-
मृदातोयेन शुद्धिः स्यान्नक्लेशो न धनव्ययः ।
यस्य शौचेऽपि शैथिल्यं चित्तं तस्य परीक्षितम् ॥
शौचानन्तरं दन्तधावनं कुर्यात्, दन्तधावनस्य प्रयोजनं हारीतस्मृतौ

वाद शौच करने के सम्बन्ध में मनुस्मृतिकार के द्वारा कहा गया है कि एकवार लिङ्ग में, तीनवार गुदा में, एक हाथ में दश वार, तथा दोनों हाथों में सातवार शुद्धि चाहने के इच्छुक मिट्टी लगावें ।

उपर्युक्त ये सभी शौच गृहस्थों के लिये कहे गये हैं ब्रह्मचारियों का इसका द्विगुणा शौच होता है । वानप्रस्थों के लिये तीनगुणा एवं संन्यासियों के लिये चार गुणा शौच आचरण का विधान किया गया है । शौच करने के पश्चात् धुली हुई लंगौटी (कौपीन) पहनकर बारह वार कुल्ला करे । आचमन करके सावधान होकर छः वार प्राणायाम करे । मलत्याग करने का मन्त्र है सभी देवगण, ऋषिगण, पिशाच सर्प एवं राक्षसगण, इस स्थान से समस्त भूत दूर हो जाय मैं मल उत्सर्ग कर रहा हूँ । दक्षस्मृति में कहा गया है कि शौच में सतत प्रयासरत होना चाहिये । ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य ये सभी जातियाँ शौच पर ही आधारित हैं । जो द्विज शौच आचरण से विहीन हैं उनके गजस्नान के समान सभी क्रिया कलाप निष्फल हैं ॥२०॥

दक्षस्मृति में कहा गया है→यदि मिट्टी और पानी से पवित्रता होती है, उस क्रिया में न किसी तरह की तकलीफ होती है, और किसी प्रकार का धन भी खर्च

उक्तम् । दन्तधावनस्य काष्ठानि च अधो निर्दिष्टानि सन्ति । केषुचित् दिवसेषु दन्तधावनं प्रतिषिद्धं तस्य च किं प्रमाणमेवमादिविषयाः धर्मशास्त्रेषु उक्ताः ते निरुप्यन्ते→

मुखेपर्युषिते नित्यं भवत्यप्रयतो नरः ।
तस्माच्छुष्कमथार्द्रं वा भक्षयेच्छन्दधावनम् ॥
करजं खादिरं वापि कदम्बं कुरवं तथा ।
सप्तपर्णपृश्निपर्णीजम्बूं निम्बं तथैव च ॥
अपामार्गं च विल्वं चार्कंचोदुम्बरमेव च ।
एते प्रशस्ताः कथिता दन्तधावनकर्मणि ॥
दन्तकाष्ठस्य भक्ष्यस्य समासेन प्रकीर्त्तितः ।
सर्वे कंटकिनः पुण्याः क्षीरिणश्च यशस्विनः ॥

नहीं होता है ऐसी शौच क्रिया में भी जिसकी ढिलाई होती है तो इससे उसके मानसिक शिथिलता की भी परीक्षा हो जाती है ।

शौच क्रिया करलेने के पश्चात् दन्तधावन (दातुन) करे । दन्तधावन करने का प्रयोजन हारीतस्मृति में कहा गया है और दन्तधावन क्रिया में उपयोग आनेवाले निम्न निर्दिष्ट काष्ठ बताये गये हैं । कुछ दिवसों में दन्तधावन करने का प्रतिषेध किया गया है । इसमें प्रमाण क्या है इत्यादि विषय धर्मशास्त्रों में प्रतिपादित किये गये हैं उनका निरूपण आगे किया जाता है ।

मुख में वासीपना रहने से मनुष्य सदैव अपवित्र हो जाता है । इसलिये सूखा हुआ अथवा गीला काष्ठ से दन्तधावन (दातुन) करें । करञ्ज खैर कदम्ब, मौलसरी, सप्तवर्णा, पृश्निवर्णी जामुन और निम्ब, अपामार्ग (चिडचिडी) बेल, आँक तथा गूलर ये सभी काष्ठ समूह दन्तधावन क्रिया के लिये प्रशंसनीय कहे गये हैं । भक्षण करने योग्य दन्तधावन के उपयोगी काष्ठों को संक्षेप में कहा जाता है कि जितने भी काँटेदार तथा दूधवाले काष्ठ हैं, उनसे दन्तधावन करने से पुण्य और कीर्ति की वृद्धि होती है। दन्तधावन काष्ठ की लम्बाई का प्रमाण आठ अंगुल अथवा अंगूठा से तर्जनी तक होनी चाहिये उस काष्ठ से दातों को विशेष रूपसे पवित्र करें । हे सज्जन महापुरुषो प्रतिपदा षष्ठी और नवमी तिथियों में जो दन्तधावन करता है उसके सात पीढी पर्यन्त कुल

अष्टांगुलेन मानेन दन्तकाष्ठमिहोच्यते ।
प्रादेशमात्रमथवा तेन दन्तान्विशोधयेत् ॥
प्रतिपत्पर्वषष्ठीषु नवम्याञ्चैव सत्तमाः ।
दन्तानां काष्ठसंयोगाद्दहत्यासप्तमं कुलम् ॥
अभावे दन्तकाष्ठानां प्रतिषिद्धदिनेषु च ।
अपां द्वादशगण्डूषैर्मुखशुद्धिं समाचरेत् ॥
द्वादशांगुलकं विप्रैः काष्ठमाहुर्मनीषिणः ।
क्षत्रविट् शूद्रजातीनां नवषट् चतुरंगुलम् ॥वि.स्मृ.॥

अत्र च मन्त्राः

ॐअन्नाद्याय व्युहध्वंसोमोराजाऽयमागमत् ।
समे मुखं प्रमार्क्ष्यते यशसा च भगेन च ॥

दग्ध हो जाता है । विहित तिथियों में दन्तधावन काष्ठ का अभाव होने पर तथा प्रतिषिद्ध दिवसों में, जलके बारह कुल्ला से अपने मुखकी शुद्धि करनी चाहिये ।

दन्तधावन करने से पहले ॐअन्नाद्याय व्यूहध्वं...एवं आयुर्बलम्...इन दोनों मन्त्रों से दन्तकाष्ठ को अभिमन्त्रित करके वैठकर मौन रहकर सावधानी से दातुन करना चाहिये । दातुन का काष्ठ छिलका सहित होना चाहिये । एवं करनेवाला पूर्वाभिमुख वैठा हुआ हो । दन्तधावन करलेने के पश्चात्, काष्ठ को जलसे प्रक्षालित करके दन्तकाष्ठ को पवित्र स्थान पर परित्याग करें । दातुन करने से पहले भी दन्तकाष्ठ को प्रक्षालित करना चाहिये और वाद में भी उपयुक्त दन्तकाष्ठ का प्रक्षालन करें ऐसा परम्परागत व्यवहार है । स्नान करने के पहले प्रातःकाल में ही दन्तधावन करना चाहिये, न कि दोपहर (मध्याह्न कालीन) स्नान करने के समय पर, अथवा सायं कालीन स्नान करने के समय पर, अर्थात् केवल प्रातःकाल के स्नान से पूर्व ही दिन में एकवार दन्तधावन करें । स्नान तो सन्ध्याबन्दन करने से पहले प्रातः मध्याह्न एवं सायंकाल में करना चाहिये । वानप्रस्थाश्रम एवं गृहस्थाश्रम में निवास करनेवालों के लिये केवल प्रातःकाल एवं सायं काल इन दो समय पर स्नान करने का विधान है । ब्रह्मचारी एवं संन्यासाश्रम के लिये त्रैकालिक स्नान करने का विधान किया गया है । स्नान करने

आयुर्बलं यशोवर्चः प्रजाः पशुवसूनि च ।
ब्रह्मप्रज्ञां च मेधां च त्वन्नोदेहि वनस्पते ॥

इतिमन्त्राभ्यां दन्तकाष्ठमभिमन्त्रयित्वा सत्वचेन दन्तकाष्ठेन पूर्वाभिमुखोपविष्टः वाग्यतः सन् दन्तधावनं कुर्यात् । पश्चात् प्रक्षालनं विधायदन्तकाष्ठं शुचौदेशे परित्यजेत् । पूर्वमपि प्रक्षालनं विधेयम् पश्चादपि चरति सम्प्रदायः । स्नानात्पूर्वं प्रातरेव दन्तधावनं विधेयम् नतु मध्याह्नस्नानसमये सायं स्नानसमये वा । स्नानन्तु सन्ध्याबन्दनात्पूर्वं त्रिषु एव कालेषु कुर्यात् । वानप्रस्थगृहस्थयोः प्रांतःस्नानं, सायं स्नानं च विहितम् । ब्रह्मचारिणां संन्यासिनाञ्चकृते त्रैकालिकं स्नानं विहितमस्ति । स्नानस्य महत्वं व्याससमृतौ उक्तम्-

चतस्त्रोघटिकाप्रातः अरुणोदय उच्यते ।
यतीनां स्नानकालोऽयं गङ्गाम्बुसदृशः स्मृतः ॥

का माहात्म्य व्यासस्मृति में कहा गया है कि-प्रातःकाल की चार घडी अर्थात् एक घण्टा छत्तीस मिनट का समय अरुणोदय वेला कही जाती है । यह संन्यासियों के स्नान सम्पादन करने का समय है । इस समय में सभी जगह का जल गङ्गाजल के समान पवित्र जल कहा गया है । प्रतिदिन उषः काल में दो समयों के सन्धि के काल में भगवान् सूर्य का उदय हो जाने पर जो स्नान आचरण किया जाता है, सूर्य के रहते हुये जो प्रातः मध्याह्न एवं सायं काल का जो स्नान होता है, वह प्राजापत्य व्रत के समान कहा गया है । वह कर्ता के समस्त पापों का पूर्णरूप से विनाश करता है ।

भगवान् मनु के द्वारा भी कहा गया है-नदियों में देवताओं के नामसे प्रसिद्ध तालावों में, पोखरों में और झरनों प्राकृत गर्तों के जल में प्रतिदिन स्नानाचरण करना चाहिये । यदि नदी आस पास में उपलब्ध हो तो थोडा सीमित जलवाला जलाशय में स्नान नहीं करना चाहिये । यदि नहीं उपलब्ध हो तो तालाब पोखर आदि में भी पवित्र जलमें स्नान करें । जलसे अभिषिक्त करके पवित्र स्थान पर कपडों को रख देवें, तत्पश्चात् मिट्टी से मिला हुआ जल सम्पूर्ण शरीर में लेपकर, पानी के अन्दर प्रवेश करके मौन रहकर स्नान क्रिया पूर्ण करें । रोगी व्यक्ति कण्ठ स्नान भी कर सकता

उषस्युषसियत्स्नानं सन्ध्यायामुदिते रवौ ।
प्राजापत्येन तत्तुल्यं सर्वपापप्रणाशनम् ॥

मनुनाप्युक्तम्-

नदीषु देवखातेषु तडागेषु सरः सु च । स्नान समाचरेन्नित्यं गर्त्तप्रस्त्रवणेषु च ॥

विद्यमानायां नद्यामन्यस्मिन् स्वल्पतोये जलाशये स्नानं न कुर्यात् । अन्यथा तडागादिष्वपि पवित्रेजले स्नानं कुर्यात् । शुचौदेशे जलेनाभ्युक्ष्य वस्त्राणि स्थापयेत् ततः मृत्तिकां तोयं चोपलिप्य जलान्तः प्रविश्यवाचं नियम्य स्नानमाचरेत् । रुग्णः जनः कण्ठस्नानमपि कर्तुमर्हति तत्राप्यसमर्थः उष्णेनापि वारिणा स्नानं कर्त्तुं शक्नोति । जलाभावे आग्नेयम् वारुणम्, ब्राह्मम् वायव्यम् दिव्यञ्च स्नानं भवति इतिपाराशरेणाभिहितम् । भस्मना स्नानमाग्नेयम्, जलावगाहनेन वारुणम्, आपोहिष्ठेत्यादिमन्त्रेण ब्राह्मम्, गोधूलिना वायव्यम्, आतपवर्षेण च दिव्यं स्नानमुच्यते ।

तदुक्तं कपिलेन-

प्रातः स्नानेत्वशक्तश्चेत्कापिलं स्नानमाचरेत् ।
तत्राप्यसामर्थ्ययुक्ते मन्त्रस्नानं विधीयते ॥

है । कण्ठ स्नान करने में भी जो व्यक्ति असमर्थ हो वह गरम किया गया पानी से भी स्नान करसकता है । यदि जलका अभाव हो तो अग्नि स्नान, वारुण स्नान, ब्रह्म वायव्य और दिव्य स्नान होता है ऐसा आचार्य पराशरजी के द्वारा कहा गया है । भस्मका सम्पूर्ण शरीर में लेप किया जाता है उसे अग्नि स्नान कहते हैं । पानी में डुवकी लगाकर स्नानको वारुण स्नान कहा जाता है, आपोहिष्ठा मयोभुवः...आदि मन्त्र पढ लेने को ब्राह्म स्नान कहते हैं । गो धूलि लेपको वायव्य, धूप में रहने को दिव्य स्नान कहा जाता है । यह वात महर्षि कपिल द्वारा कही गयी है । प्रातःकालीन स्नान क्रिया में असमर्थ हो तो कापिल स्नान करने चाहिये । उसमें भी यदि असमर्थ हो तो मन्त्र स्नान किया जाता है । नाभि से नीचा भाग अर्थात् कटि पर्यन्त जलमें प्रवेश करके कटिभाग का प्रक्षालन कर वह प्रक्षालन मृत्तिका मिश्रित जलसे होना चाहिये ।

नाभेरधः प्रविश्याप्सु कटिं प्रक्षाल्यमृज्जलैः ।
जलार्द्रकर्पटेनाङ्गशोधनं कापिलं स्मृतम् ॥
सायं प्रातरसामर्थ्ये सायमेवाथवा पुनः ।
परिवर्त्य च कौपीनं मन्त्रस्नानं विधीयते ॥

स्नानकाले त्रिदण्डस्य मूलेनाग्रभागेन च जलं स्पृष्ट्वा जलमध्ये ऊर्ध्वाग्रं त्रिदण्डं संस्थाप्य, समानीततथा शुद्धमृत्तिकया हस्तपादकटिशौचादिकं विधाय, मृज्जलाभ्यां कमण्डलुं प्रक्षाल्य ॐकारेण जलमभिमन्त्र्य, त्रिवारं जलमालोड्य स्नानमाचरेत् । ततः श्रीसम्प्रदायानुसारम् विधिवत् त्रिः आचम्य प्राणायामपूर्वकं षडंगन्यासं विधाय, अष्टोत्तरशतं मूलमन्त्रं जपेत् । ब्रह्मानुचिन्तनं वा कुर्यात् । तत्पश्चात् श्रीरामाय नमः श्रीरामचन्द्राय नमः श्रीरामभद्राय नमः श्रीरघुनाथाय नमः श्रीविष्णवे नमः श्रीमधुसूदनाय नमः श्रीत्रिविक्रमाय नमः श्रीवामनाय नमः श्रीधराय नमः श्रीहृषीकेशाय नमः

पानी से भींगा हुआ वस्त्र से शेष अङ्गों को पोंछकर जो शरीर को शुद्ध किया जाता है, उसे कापिल स्नान कहते हैं । सायं प्रातः स्नान में यदि असमर्थ हो या सायंकालीन स्नान में ही असमर्थ हो तो कौपीन आदि को वदल लेने से भी मन्त्र स्नान हो जाता है ।

विशेष ध्यान देने योग्य वात है कि स्नान करते समय त्रिदण्डी श्रीवैष्णव संन्यासी स्नान क्रिया सम्पन्न करने के समय में त्रिदण्ड के मूल भाग एवं अन्तिम भाग से जलको स्पर्श करके पानी में प्रवेश करके त्रिदण्ड का ऊपरी भाग जिसमें ऊपर हो ऐसी स्थिति करके पानी में त्रिदण्ड को खडा करके पूर्वकाल में लायी गयी विशुद्ध मिट्टी से हाथ पैर कटि आदि भागों को पवित्र करके, मिट्टी एवं जलसे कमण्डलु को अच्छी तरह साफ करके, पानी में ॐ का अक्षर लिखकर उससे स्नानीय जलको अभिमन्त्रित करके तीनवार पानी को आलोडितकर (मन्थनकर) पश्चात् स्नान क्रिया प्रारम्भ करें । स्नान करने के पश्चात् जैसे अपनी सम्प्रदायीय गुरु परम्परागत व्यवहार हो तदनुसार तीनवार विधिवत् आचमन करके पहले प्राणायाम करके तत्पश्चात् षडङ्ग न्यास पूर्वक १०८ वार मूल मन्त्र का जप करें । अथवा श्रीराम ब्रह्म का अनुचिन्तन

श्रीजानकीवल्लभाय नमः श्रीजगन्नाथाय नमः, इति भगवान्नाम्नां स्मरणं विधाय, द्वयमन्त्रं शरणागति मन्त्रं च द्वादशधा जप्त्वा, शुचौ प्रदेशे शोषणाय वस्त्राणि प्रसार्य, पवित्रे स्थाने च प्रागग्र उदगग्रं वा दण्डं निधाय, त्रिराचाम्य, द्विः प्रमृज्य च, तर्जन्यङ्गुष्ठाङ्गुलियोगेन नासापुटद्वयं, अङ्गुष्ठमध्यमाङ्गुलियोगेन नेत्रे, अङ्गुष्ठानामिकायोगेन श्रवणौ अङ्गुष्ठानामिकाङ्गुलियोगेन च स्कन्धौ संस्पृश्य सर्वेषामङ्गुलीनां संयोगेन नाभिं हृदयं च स्पृष्ट्वा, मूर्धानं च संस्पृश्य पुनः आचमेत् । इदमत्रावधेयम्→

विना यज्ञोपवीतेन तथामुक्तशिखोद्विजः ।
अप्रक्षालितपादस्तु आचान्तोप्यशुचिर्भवेत् ॥

बहिर्जानुरुपस्पृश्य एकहस्तापि तैर्जलैः ।
सोपानत्कस्तथा तिष्ठन् नैव शुद्धिमवाप्नुयात् ॥

करें। इसके वाद ॐ रामाय नमः से प्रारम्भ कर जगन्नाथाय नमः पर्यन्त भगवान् के नामोच्चारण पूर्वक उनके नामों का स्मरण करके, द्वयमन्त्र एवं शरणागति मन्त्रों को वारह-वारह वार जय करें। जप करलेने के पश्चात् पवित्र स्थान पर सूखने के लिये वस्त्रों को फैलाकर, जिसका आगे का शिरा पूर्वभाग अथवा उत्तर भाग में हो इसतरह त्रिदण्ड रखकर तीनवार आचमन करके तथा दो वार मूंह पोंछकर तर्जनी एवं अंगुष्ठा अंगुली को मिलाकर संयुक्त अङ्गुली से दोनों नासिका पुट को अङ्गुठा एवं मध्यमा अङ्गुली के संयोग से आँखों को, अङ्गुठा एवं अनामिका के योग से कानों को स्पर्श करें। अङ्गुष्ठा एवं अनामिका अङ्गुली के योग से दोनों स्कन्धों को सम्यक् स्पर्श करके सभी अङ्गुलियों के संयोग से नाभि एवं हृदय को छूकर और शिर का स्पर्श करके पुनः आचमन करें। यहाँ पर इस विषय का ध्यान रखाना चाहिये कि बिना यज्ञोपवीत से एवं खुली हुई शिखावाला ब्राह्मण तथा बिना पैर धोये आचमन करलेने पर भी अपवित्र होता है। दोनों घुटनों से वाहर हाथ रखकर और एक हाथ से दिया हुआ जल तथा जूता पहना हुआ एवं खडा होकर जो आचमन करता है वह अशुद्ध होता है। आचमन तो सदैव ब्राह्म तीर्थ से ही करना चाहिये अथवा ऋषि तीर्थ तथा देव तीर्थ से आचमन करना चाहिये। पितृ तीर्थ से आचमन कभी नहीं करना चाहिये।

आचमनं तु सदैव ब्राह्मतीर्थेनैव कुर्यात् । ऋषितीर्थेन, देवतीर्थेन वा आचमेत् पितृतीर्थेन आचमनं न कुर्यात् । तथा च मनुः-

ब्राह्मणे विप्रस्तीर्थेन नित्यकालमुपस्पृशेत् ।
कायत्रैदशिकाभ्यां वा न पित्र्येण कदाचन ॥

अङ्गुष्ठमूलस्य तले ब्राह्मं तीर्थं प्रचक्षते ।
कायमङ्गुलिमूलेऽग्रेदैवपित्र्यं तयोरधः ॥

अत्र श्रीबौधायनश्चाह-पादप्रक्षालनशिष्टेन नाचमेद् यद्याचमेद् भूमौ श्रावयित्वा आचमेद् ।अन्यत्रचोक्तम्-उद्धृत्यवामहस्तेन यः पिबेद् ब्राह्मणोजलम् ।सुरापानेन तत्तुल्यं मनुः स्वायम्भुवोऽव्रवीत् । अलावुदा रुपर्णेन नारिकेलैः कपित्थकैः। तृणकाष्ठजलाधारैरन्यान्तरितमृण्मयैः। आचमेदिति भावः । आचमनानन्तरं यथाशक्तिप्रणवेन प्राणायामं कुर्यात् ।

तथा च वाशिष्ठः-

प्रणवेनैव कुर्याच्च प्राणायामान्यतिर्मुहुः ।
सर्वेषामपि पापानां संघाते समुपस्थिते ॥

जैसा कि इस विषय में मनुस्मृतिकार कहते हैं-ब्राह्मण सदा ब्राह्म तीर्थ से आचमन करें। ऋषि तीर्थ से अथवा देव तीर्थ से करें। पितृ तीर्थ से कदापि आचमन न करें। हाथ में अङ्गुष्ठ मूल के नीचे का भाग ब्राह्म तार्थ कहा जाता है। कनिष्ठिका अङ्गुली के मूलमें काय तीर्थ अथवा ऋषि तीर्थ कहा जाता है। अङ्गुलियों के अग्र भाग को देव तीर्थ कहते हैं। तथा अङ्गुली एवं अङ्गुष्ठा के मध्य भाग को पितृ तीर्थ कहते हैं। और इस विषय में आचार्य श्रीबोधायनजी कहते हैं-पैर धोने से बचा हुआ जलसे कभी आचमन नहीं करना चाहिये यदि आचमन करने की स्थिति पैदा ही हो जाय तो जमीन पर वहाकर पुनः आचमन करें। अन्यत्र भी कहा गया है। जो ब्राह्मण वांया हाथ से पानी डालकर हस्त जलको पीता है वह जल सुरा पान के तुल्य जल है। ऐसा स्वायंभुव मनु कहते हैं। तुमडी, काठ, पत्ता, नारियल, कपित्थ, मिट्टी या घास इत्यादि के आधार से जलको उठाकर आचमन करना चाहिये।

पूरककुम्भकरेचकभेदैः प्राणायामः त्रिविधः, दक्षिणनासिकयावायोः पूरणं पूरकः। हृदिस्थापनं कुम्भकः। बहिः निस्सारणं रेचकः। प्राणायामकाले प्राणवायोर्निरोधात् वायुरुत्पद्यते, वायोरग्निर्जायते, वाय्वग्निभ्यामन्तरापः उत्पद्यते, तस्मादन्तः करणस्य विशुद्धिर्भवति।

तदुक्तम्-वशिष्ठेन-

यावत्यः पूरके मात्रा द्विगुणा कुम्भकेषु च।
रेचके च चातुर्गुण्यं प्राणायामोऽयमुच्यते ॥
पूरकं दक्षिणेनासे रेचकं वाम नासिके।
अङ्गुष्ठाङ्गुलिभिश्चैवं प्राणायामं समाचरेत् ॥
प्राणस्तु देहजो वायुः आयामस्तन्निरोधनम्।
दह्यन्तेध्यायमानानां धातूनां हि यथामलाः।

तथेन्द्रियाणां दह्यन्ते दोषाः प्राणस्य निग्रहात्।

विषयेऽस्मिन् स्मृतिकारेण श्रीबोधायनेन-

